an>

Title : Compensation to farmers and people affected by heavy rains in Gadchiroli-Chimur Parliamentary Constituency, Maharashtra- Laid

श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर): मेरा संसदीय क्षेत्र गडचिरोली-चिमूर देश का सबसे पिछड़ा जनजातीय क्षेत्र होने के साथ-साथ उद्योग विहीन, घने जंगल से व्याप्त, अतिदुर्गम, नक्सल प्रभावित एवं आकांक्षित क्षेत्र है । मेरे क्षेत्र में गडचिरोली, चंद्रपुर तथा गोंदिया जिले में इस साल भारी मात्रा में वर्षा हुई है । सन् 1986 के बाद इस साल इतनी अधिक वर्षा हुई है । वर्षा के कारण किसानों की फसलें प्रमुखतः चावल, सोयाबीन तथा कपास आदि को भारी नुकसान हुआ है । विशेषतः गडचिरोली जिले में 50 गांवों में पानी भर गया है । 3,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह में रखा गया है । लोगों के घरों में पानी भरने से उनके घर, दुकान, खेती, उद्योगों को भारी नुकसान हुआ है । मेरे जनजातीय संसदीय क्षेत्र में किसान भाईयों की आजीविका का एक प्रमुख माध्यम केवल धान की खेती है । बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में सभी फसलें नष्ट हो गई है । ऐसी स्थिति में इस कोरोना महामारी के संकट के समय में आने वाले साल का गुजारा कैसे होगा और किसान स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा, परिवार में बेटे या बेटी की शादी पर कहां से खर्चा करेगा यही सब सोचकर किसानों एवं आम जनता के जीवन में अंधकार छाया हुआ है ।

अतः इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए मेरा सरकार से अनुरोध है, कि मेरे संसदीय क्षेत्र में वर्षा से हुई क्षति का अविलम्ब मुआयना करवाकर किसानों एवं आम जनता को केन्द्र सरकार से शीघ्र उचित मुआवजा दिलाए जाने हेतु तुरन्त आवश्यक कार्यवाही की जाए ।